हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

16वीं छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता

पुरुष व महिला दोनों वर्गों में दुर्ग बना चैंपियन

4



## खबर संक्षेप

### स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए परामर्श विशेषज्ञ की हुई नियुक्ति

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा 21 जून 2026 को जिला जांजगीर-चांपा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओ हेतु जिला स्तर पर छात्र-छात्राओं हेतु काउंसिलिंग किये जाने संबंधी हेल्पलाईन 24×7 संचालित रहेगी। नीट परीक्षा में सम्मिलत होने वाले अभ्यर्थियों के विशेष स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिये परामर्श विशेषज्ञ को नियुक्त किया गया है। इनमें टी.सी.एल. कॉलेज की सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञान) श्रीमती माधुरी मिन्ज तिग्गा (मोबाइल नंबर- 8253040182) तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मड़वा (चांपा) की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह (मोबाइल नंबर- 8435505008) शामिल हैं। परीक्षा को लेकर किसी प्रकार के तनाव, मानसिक दबाव अथवा परामर्श की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी निर्धारित मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

### अघोषित बिजली कटौती से 20 गांवों के लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** केरा सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने वाले गोधना, कुरियारी, कुकदा, कामता, बोरदा सहित करीब 20 गांवों में सोमवार को तीन घंटे तक बिजली बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीण बेहाल नजर आए।ग्रामीणों का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती के चलते दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक बिजली बंद रहने से घरेलू कामकाज के साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली गुल होने के बाद विभाग की ओर से समय पर फॉल्ट का पता लगाने और आपूर्ति बहाल करने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जाते।इधर, 20 जून से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कॉलेज विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने चिंता जताई है कि लगातार बिजली बाधित रहने से परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग ट्रांसफॉर्मरों की ओवरलोडिंग और रेटिंग संबंधी कारण बताकर समस्या से पल्ला झाड़ रहा है, जबकि बार-बार होने वाली बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। उनका कहना है कि विभाग को विद्युत व्यवस्था में सुधार कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसे में बिजली की आंख-मिचौली का असर स्कूली बच्चों की पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं शुरुआती बारिश में सांप बिच्छुओं का डर भी सता रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की है।

### 196 स्कूल मरम्मत योग्य तो 173 में गर्ल्स शौचालय नहीं

# आधी अधूरी तैयारी के बीच आज से खुलेंगे स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आधी अधूरी तैयारी के बीच मंगलवार 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है। जिले के 196 सरकारी स्कूल मरम्मत योग्य तो 173 में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है, जिसके कारण छात्रों की परेशानी आने वाले दिनों में बढ़ सकती है।

करीब डेढ़ महीने के छुट्टी के बाद मंगलवार 16 जून से नया शिक्षा सत्र की शुरुआत हो रही है। आज भी जिले के कई सरकारी स्कूलों में पेयजल, बिजली एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है जिसके कारण छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत 1253 सरकारी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से 173 स्कूलों में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है। इनमें अकलतरा ब्लाक में 14 बलौदा ब्लाक में 46 नवागढ़ ब्लाक में 73 पामगढ़ ब्लॉक में 22 एवं बम्हनीडीह ब्लॉक में 18 स्कूल शामिल है। शासन द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों को तमाम सुविधाएं देने के दावे किए जाते है। इसके बावजूद जिले में अभी भी सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जर्जर भवन के मरम्मत की भी आवश्यकता है। करीब डेढ़ माह की लंबी छुट्टी मिलने के बाद भी सरकारी स्कूलों में मरम्मत जैसे जरुरी काम भी नहीं कराए जा सके है। ऐसे में आने वाले दिनों में विद्यार्थियों की दिक्कतें बढ़ सकती है।



जर्जर स्कूल भवन।

### उधारी के भवन में संचालित हो रहा स्कूल, बुनियादी सुविधाओं का अभाव

जिले में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, लेकिन कई स्कूल आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कुरियारी गांव के भाठापारा मोहल्ला स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय का स्वयं का भवन नहीं है। विद्यालय का संचालन फिलहाल ग्राम पंचायत भवन में किया जा रहा है। पिछले वर्ष विद्यालय के भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया था, लेकिन अब तक नए भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। विद्यालय के प्रधान पाठक पूष राम कश्यप ने बताया कि स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 27 विद्यार्थी दर्ज हैं। भवन नहीं होने के कारण पंचायत भवन में पढ़ाई कराई जाती है। पंचायत की बैठक होने पर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। इधर कुरियारी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भी शौचालय की स्थिति खराब बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षक प्रवीण बंजारा ने बताया कि शौचालय जर्जर अवस्था में है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरियारी के परिसर में ट्रांसफार्मर स्थापित है। विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। इसके अलावा ग्राम गोधना के शासकीय प्राथमिक विद्यालय मिलन चौक में भी शौचालय जर्जर हालत में है।

### जर्जर भवन में क्लास नहीं लगाने कलेक्टर ने दी हिदायत

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यार्थियों को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने शाला प्रबंधन समितियों के गठन की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रारंभ होने से पूर्व सभी शाला भवनों, कक्षाओं एवं परिसर की साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। किसी भी परिस्थिति में जर्जर एवं असुरक्षित भवनों में कक्षाएं संचालित न की जाएं। बैठक में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, अनावश्यक अवकाश पर नियंत्रण रखने तथा विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### बनाई जा रही व्यवस्था

जिले में मंगलवार से शिक्षा सत्र की शुरुआत हो रही है, जिन स्कूलों में मरम्मत एवं शौचालय को लेकर समस्या आ रही है वहां व्यवस्था बनाई जाएगी। इसे लेकर प्राचार्य को निर्देशित किया जा चुका है।

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# गुटखा की ऐसी तलब, पैसे नहीं मिलने पर पीट-पीटकर ले ली मां की जान

### डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ीकोना की घटना, आरोपी गिरफ्तार



घर से आरोपी को गिरफ्तार करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक युवक को गुटखा खाने की ऐसी तलब लगी कि उसने अपनी मां की जान ले ली। युवक ने रात में मां से गुटखा खरीदने के लिए पैसा मांगा। पैसे नहीं मिलने पर नाराज होकर कलयुगी पुत्र ने पीट-पीटकर अपनी मां की हत्या कर डाली। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। घटना डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ीकोना की है।

इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 14 जून की रात्रि की बताई जा रही है। रविवार 14 जून की रात करीब 8 बजे ग्राम भेड़ीकोना निवासी लखन माली को उसकी मां तिहारिन बाई माली ने खाना खाने को दिया। इसके बाद लखन माली अपनी मां से विमल गुटखा खाने के लिए पैसे मांगने लगा। मां ने पैसा देने से इनकार किया तो लखन माली तैश में आ गया और अपनी मां तिहारिन बाई की पिटाई शुरु कर दी। बचने के लिए तिहारिन बाई वहां से उठकर भाग रही थी। इसी दौरान टेप नल के पास में ही लखन माली ने पत्थर से अपनी मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। तिहारीन बाई को उपचार के लिए डभरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। तिहारिन बाई की बड़ी बहू मंजू माली ने डभरा थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को पूरे घटना की जानकारी दी। पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की। वहीं इसकी सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। डभरा थाना प्रभारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सोमवार 15 जून को आरोपी लखन माली पिता स्व घासीराम माली उम्र 25 साकिन भेड़ीकोना को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया। पर्याप्त सूबूत पाए जाने पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक पत्थर का टुकड़ा बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी 25 वर्षीय लखन माली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश पटेल, एएसआई हर नारायण ताम्रकार, पीएसआई तेजेंद्र कुमार सिन्हा, महिला प्रधान आरक्षक चंद्रकला सोन, आरक्षक मिरिश साहू, रामगोपाल यादव का योगदान रहा।

# कोलवाशरी में 19 टन कोयले का गबन कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कोलवाशरी में गबन कर फरार हुए आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कांटा मशीन में तौल करने वाला बाबू 19.75 टन कोयला का गबन कर फरार हो गया था। पुलिस ने ग्राम खोहा में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा क्षेत्र के महावीर कोलवासरी में कार्यरत राज कुमार मिश्रा ने 28 दिसंबर 2024 को थाना बलौदा में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुसमुंडा खदान से कोयला लेकर आए दो ट्रकों की तौल के दौरान अनियमितता की आशंका हुई थी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड और कोल यार्ड सुपरवाइजर को वाहनों में कोयले की मात्रा कम प्रतीत होने पर संदेह हुआ। जांच में सामने आया कि नाइट शिफ्ट में तैनात ठेका कर्मचारी एवं कांटा बाबू ईश्वरी प्रसाद पटेल ने संबंधित ट्रकों का वास्तविक वजन किए बिना अन्य वाहनों का ग्रॉस वजन दर्ज कर कांटा पर्ची जारी कर दी। इसके बाद वाहनों को अनलोडिंग के लिए कोल यार्ड भेज दिया गया। अनलोडिंग के दौरान सुपरवाइजर को कोयले की मात्रा कम दिखाई देने पर दोनों ट्रकों का पुनः वजन कराया गया। दोबारा तौल में एक वाहन में 7.05 टन तथा दूसरे में 12.70 टन कोयला कम पाया गया। इस प्रकार कुल 19.75 टन कोयले की कमी सामने आई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.20 लाख रुपये बताई गई। मामले में बलौदा पुलिस ने धारा 316(4) एवं 3(5) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। इस दौरान ईश्वरी पटेल फरार हो गया था। पुलिस ने 15 जून को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खोहा में दबिश देकर आरोपी ईश्वरी प्रसाद पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक रामदुलार साहू, आरक्षक रज्जू रात्रे, संतोष रात्रे तथा बलौदा थाना स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### कोरोना योद्धा महिलाओं को रोजगार नहीं, वादाखिलाफी का लगाया आरोप

**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा में कोरोना काल के दौरान स्वच्छता सेवाएं देने वाली अनुसूचित जाति की महिला स्वच्छता कर्मियों ने प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना है कि ग्राम पंचायत के नगर पंचायत में परिवर्तित होने के बाद उन्हें काम से हटा दिया गया और पिछले एक साल से रोजगार से वंचित रखा गया है।"जय माँ मडवारानी महिला स्वसहायता समूह" से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कोरोना संक्रमण के दौरान संक्रमित क्षेत्रों की सफाई, मृत पशुओं को हटाने और कचरा निस्तारण जैसे जोखिम भरे कार्य किए थे। उनका आरोप है कि जिलाधीश द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को उन्हें काम पर रखने के निर्देश दिए जाने के बावजूद अब तक रोजगार नहीं दिया गया है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार कार्यालयों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं, जबकि अधिकांश महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति परिवारों से हैं और यही कार्य उनकी आजीविका का मुख्य साधन था। महिला समूह ने जिलाधीश एवं श्रम विभाग से हस्तक्षेप कर पूर्व में कार्यरत महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर पुनः रोजगार देने की मांग की है।

### क्षतिग्रस्त हुआ बैंक का भवन...



**जैजैपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भवन जैजैपुर एक माह पूर्व आये आंधी तूफान के चपेट में आकर बैंक से लगे सिरसा पेड़ के टूटकर गिर जाने से बैंक का बाउंड्री वॉल एवं भवन के छत पूरी तरह टूट कर ध्वस्त हो गया। इस घटना को एक माह व्यतीत होने के बाद भी जिम्मेदार शाखा प्रबंधक बैंक रखरखाव एवं सुरक्षा को लेकर पूर्णता उदासीन देखे जा रहे हैं। अभी तक मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सका है। बैंक जैसे संवेदनशील जगह में इस तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। फोटो : हरिभूमि

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नगरवासियों का फूटा गुस्सा, पालिका को दी चेतावनी

# रतजगा करने के बाद भी वार्ड वासियों को नहीं मिल रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 17 एवं 18 में गहराते पेयजल संकट को लेकर सोमवार को वार्डवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। लंबे समय से पानी की समस्या झेल रहे सैकड़ों परिवारों की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

वार्डवासी अमित सिंह बैस एवं अंकित सिंह सिसोदिया ने बताया कि पिछले एक महीने से पुरानी बस्ती सहित कई मोहल्लों में पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर पालिका द्वारा पानी सप्लाई का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होने से लोगों को रात-रात भर जागकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार आधी रात के बाद से सुबह तक लोग पानी का इंतजार करते रहते हैं, इसके बावजूद टेल एरिया और अंदरूनी गलियों तक पानी नहीं पहुंच पाता। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका द्वारा 3 से 4 घंटे पानी सप्लाई किए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई गलियों के नलों में एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच रहा है। पानी की अनिश्चित व्यवस्था के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रातभर जागने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और कई लोग बीमार पड़ चुके हैं।वार्डवासियों ने प्रशासन पर समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सभी मोहल्लों और गलियों तक नियमित एवं पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पालिका द्वारा समस्या का निराकरण नहीं किए जाने की स्थिति में कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों में बजरंग जायसवाल, अभिजीत सिंह, प्रफुल्ल देवांगन, आदित्य सिंह, प्रणत सिंह, राकेश नामदेव, अर्पित देवांगन, अभिजीत सोनवानी, जी.पी. देवांगन, योगेंद्र देवांगन, लोकेश सिंह, अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए रातभर जागना पड़ रहा है। यदि अब भी प्रशासन नहीं चेता तो वार्डवासी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपने पहुंचे वार्डवासी।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई, 3750 घन मीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- 2 चेन माउंटेन, 2 लोडर एवं 4 हाइवा पकड़ाए

बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच एवं कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित लगभग 750 घन मीटर रेत पाए जाने पर उसे नियमानुसार जब्त किया गया। इसके उपरांत संयुक्त टीम द्वारा बिर्रा थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जहां स्वीकृत अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञप्ति के संबंध में स्थल परीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि स्वीकृत अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञप्ति की विभिन्न शर्तों एवं निर्देशों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। जांच उपरांत अस्थायी रेत भंडारण स्थल पर लगभग 3000 घन मीटर रेत के संबंध में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल से संबंधित 2 चेन माउंटेन मशीन, 2 लोडर एवं 4 हाइवा वाहन जब्त किए गए। जब्तशुदा मशीनों, वाहनों एवं रेत भंडारण को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है। उक्त संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार संजय बरेठ, खनिज निरीक्षक दुर्गेश धीवर, राजस्व अमला एवं खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता रही।



## खबर संक्षेप



### जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को देना है बढ़ावा : गोपाल

**कोरबा।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और किसान कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि महाविद्यालय, कटघोरा में 12 साल बेमिसाल किसान सम्मेलन एवं जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करते हुए केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि आज आवश्यकता रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता सुरक्षित रहेगी, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और लोगों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश तिवारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भानुप्रताप सिंह, अजय विश्वकर्मा, मीना शर्मा, पवन गर्ग, रामनारायण सराफ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अभिषेक गर्ग, डिलेन्द्र यादव, कुलसिंह कंवर, प्रीति स्वर्णकार एवं समजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओटीपी से राशन वितरण बंद अब स्कैनर से मिलेगा



**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला हुआ। खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने ओटीपी के जरिए राशन वितरण पर रोक लगा दी। अब हितग्राहियों को खाद्यान्न केवल स्कैनर-आधारित सत्यापन से मिलेगा। विभाग ने सभी खाद्य निरीक्षकों को निर्देश जारी किए। रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आदेश स्पष्ट किया गया। किसी भी हितग्राही को अब ओटीपी से राशन नहीं दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, कुछ उचित मूल्य दुकानों में 60 से 70 प्रतिशत तक वितरण ओटीपी से हो रहा था। इससे अनियमितता की आशंका बढ़ी। फर्जीवाड़े का खतरा बढ़ा। इसी कारण व्यवस्था बंद की गई।

### आधुनिक कृषि तकनीकों से किसान कर रहे हैं खेती

**कोरबा।** किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए बेहतर उत्पादन और अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसानों के जीवन में समृद्धि, आत्मनिर्भरता और नए अवसरों का माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम तिलकेजा निवासी कृषक राजू लाल कैवर्त 1 एकड़ 63 डिसमिल भूमि में धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे सहकारी समिति तिलकेजा पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि आदान सामग्री प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया भी लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे समिति से खाद एवं उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं तथा पिछले दो वर्षों से अपनी फसलों में नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं। कम मात्रा में अधिक प्रभाव देने वाले ये उर्वरक फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में सहायक हैं, जिससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है और फसल अधिक स्वस्थ दिखाई देती है।

### बॉक्सर्स ने जीते 2 स्वर्ण 4 कांस्य पदक



**बालको।** छग प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के नेतृत्व में 17 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जून तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित हुई। जिसमें जिले से ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के 6 बॉक्सर्स का चयन इस प्रतियोगता के लिए हुआ। जिसमें जिले को 2 स्वर्ण पदक और 4 कांस्य पदक प्राप्त हुआ।जिसमें सब जूनियर बालक, बालिका वर्ग में वंश सिंह राठौर 55-58 किलोग्राम स्वर्ण पदक, हर्षिता कैवर्त 30-35 किलो ग्राम स्वर्ण पदक, मोहम्मद फरहान रजा 46-49 किलो ग्राम कांस्य पदक, अपर्णा चौहान 43-46 किलो ग्राम कांस्य पदक, अंश गुप्ता 52-55 कांस्य पदक, अंश चंद्रा 49-52 किलो ग्राम कांस्य पदक प्राप्त हुआ। टीम के साथ कोच अजीत कुमार शर्मा एवं सहायक कोच अनुज अग्रवाल टीम के साथ शामिल रहे।

# उपतहसील कार्यालय चैतमा में दो सालों से लटका है ताला

## ग्रामीणों को राजस्व मामलों के लिए 35 किमी से अधिक दूरी करनी पड़ती है तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एक तरफ शासन और प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की सुविधा से समस्या का समाधान हेतु शिविर लगाया जा रहा है उक्त शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन आता है वह है राजस्व विभाग की भूमि संबंधी दूसरी तरफ आम जनता को सुविधाजनक समस्या के निराकरण हेतु वर्ष 2023 में शासन एवं प्रशासन द्वारा उप तहसील चैतमा का उदघाटन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली एवं तहसीलदार पाली के उचित मार्गदर्शन पर तत्कालीन सासंद श्रीमती ज्योत्सनाचरण दास महंत एवं पालीतानाखार मोहितराम केरकेटा द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर कर उदघाटन किया गया था। एक वर्ष तक कार्यालय का संचालन हो रहा था जिसमें लिंक कोर्ट के माध्यम से सप्ताह में एक दिन तहसीलदार पाली द्वारा बुधवार को क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों का सुनवाई होता था, परंतु चुनाव के बाद कार्यालय बंद होने लगा लिंक कोर्ट में क्षेत्र के ग्रामीण आते थे फिर वापस खाली जाते थे इस संबंध में पूर्व में तहसीलदार पाली से चर्चा करने पर स्टाप के कर्मचारी की कमी बतलाया गया परंतु विगत दो वर्ष से कार्यालय पर ताला लगा है। इस संबंध में पाली तहसीलदार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उप तहसील खोलने का कोई आदेश नहीं है। पूर्व सरकार के समय में राजस्व कार्यों का विस्तार करते हुए जिले के कई ग्रामीण अंचलों में तहसील कार्यालय के लिंक कोर्ट खोले गए थे। इसके तहत अजगरबहार तहसील के लिंक कोर्ट लेमरु में खोला गया था। इसी तरह पाली तहसील के लिंक कोर्ट की शुरुआत चैतमा में की गई थी। शुरुआत में तो यह कोर्ट सप्ताह में एक दिन खुलता था जो बाद में धीरे धीरे बंद हो गया।

**खास बात**

- राजस्व कार्यों और आम लोगों को सुविधा देने के लिए कांग्रेस सरकार के समय लिंक कोर्ट की हुई थी शुरुआत




## पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने नहीं हो रहे काम

# संकीर्ण पुलिया बनी दुर्घटना का कारण लगातार हो रहे हादसों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा मार्ग पर छुरी के समीप स्थित संकीर्ण पुलिया एक बार फिर सडक़ दुर्घटना का कारण बन गई। बीती रात लगभग 12 बजे के आसपास यहां एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे दूसरे वाहन द्वारा पर्याप्त साइड न दिए जाने की वजह से यह हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले इस मार्ग की सडक़ का मरम्मत कार्य तो किया गया था, लेकिन पुलिया को चौड़ा करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप यह स्थान अब भी एक खतरनाक ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। इस पुल के पास सडक़ का मोड़ (टर्निंग) भी काफी तीखा है, जिससे भारी वाहनों और रात के समय गुजरने वाले वाहनों के लिए जोखिम और अधिक बढ़ जाता है। आए दिन यहां छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर लगातार परेशान हैं। बीती रात हुई घटना में सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि गति अधिक होती या स्थिति थोड़ी और बिगड़ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को जल्द से जल्द पुलिया के चौड़ीकरण, उचित साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और सडक़ सुरक्षा उपायों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।


सड़क किनारे पलटा भारी वाहन।

# खुले ट्रकों से उड़ रही फ्लाई ऐश बढ़ा प्रदूषण और हादसे का खतरा


राख लेकर जाते हुए भारी वाहन से उड़ती हुई राख।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर पावर प्लांटों से निकलने वाली फ्लाई ऐश (राखड़) का परिवहन खुलेआम नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है। बिना ढके ट्रकों में राखड़ ढोए जाने से सड़क पर प्रदूषण फैल रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रकों से उड़ने वाली राखड़ सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। राखड़ आंखों में जाने से बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सड़क किनारे बसे गांवों के लोग लगातार उड़ती धूल और राखड़ के बीच रहने को मजबूर हैं। फ्लाई ऐश के महीन कण हवा में घुलकर लोगों के फेफड़ों तक पहुंच रहे हैं। इसके कारण दमा, सांस की एलर्जी, खांसी और संक्रमण जैसी बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नियमानुसार फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले वाहनों को पूरी तरह तिरपाल से ढकना अनिवार्य है, ताकि राखड़ हवा में न उड़े। लेकिन कोरबा-कटघोरा मार्ग पर चल रहे अधिकांश ट्रकों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। कई वाहन केवल औपचारिकता के तौर पर तिरपाल लगाते हैं, जो रास्ते में हवा से हट जाता है।

# जिले से 13 हाथियों का झुंड लौटा धरमजयगढ़


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मण्डल अंतर्गत कुदमुरा रेंज के जिलगा परिसर में विचरण रत 13 हाथियों का झुंड बीती रात मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ लौट गये। जानकारी के अनुसार हाथियों ने दिन ढलने के बाद शाम को मुमेंट किया और कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगलों में कुछ देर विचरण करने के बाद मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ जंगल पहुंचे। हाथियों के अंयत्र जाने से वन विभाग ने कुछ रात महसूस की है। इससे पहले क्षेत्र में हाथियों के सक्रिय रहने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ था। ग्रामीण खेती किसानी के लिए अपने घरों से बाहर निकल रहे है और खेतों में पहुंच रहे है। कई ग्रामीणों के खेत जंगल के बीचों बीच स्थित है। अतः हाथियों से उनका सामना होने की संभावना बनी हुई थी। इस बीच कटघोरा वनमण्डल के जटगा रेंज में 48 हाथी लगातार विचरण कर रहे है। हाथियों का यह झुंड अधिकांश समय पहाड़ पर रहता है। तब ज्यादा दिक्कते नहीं होती लेकिन कुछ हाथी झुंड से अलग होकर नीचे उतर जाते है और वहां स्थित गांवों के आसपास मंडारने लगते है तब वन अमले एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है।

# बारिश में नदी के कटाव को रोकने बन रही सुरक्षा दीवार, गति बढ़ाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की संभावना जताई जा रही है, वहीं तान नदी में हर वर्ष आने वाली विशाल बाढ़ को देखते हुए नदी किनारे चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति लोगों की चिंता बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य पूर्ण नहीं हुए तो पहली ही बड़ी बाढ़ में निर्माणाधीन संरचनाओं को नुकसान पहुंच सकता है और सरकारी राशि पर पानी फिर सकता है।

उल्लेखनीय हे कि पोड़ी उपरोड़ा स्थित मुक्तिधाम के पास डेम विभाग द्वारा रिटर्निंग वॉल (सुरक्षा दीवार) का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य नदी के कटाव और बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य से किया जा रहा है। दूसरी ओर पोड़ी-लेपरा मुख्य मार्ग पर तान नदी के किनारे बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हिस्से की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना विभाग द्वारा भी रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों परियोजनाओं की कार्य गति काफी धीमी है। निर्माण स्थल पर सीमित मजदूर और मशीनें दिखाई दे रही हैं, जिससे समय पर कार्य पूर्ण होने को लेकर संशय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि तान नदी में हर वर्ष तेज बहाव और भारी जलभराव की स्थिति बनती है। ऐसे में यदि बारिश शुरू होने से पहले निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो अधूरे निर्माण को नुकसान पहुंच सकता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कार्यों की स्वीकृति देर से प्राप्त हुई, जिसके कारण निर्माण कार्य भी विलंब से प्रारंभ हो सका। हालांकि अधिकारियों ने उपलब्ध समय में कार्यों को तेजी से पूरा करने की बात कही है। इधर क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि तान नदी की बाढ़ की तीव्रता को देखते हुए अधूरे निर्माण कार्यों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। अब सभी की मानसून की पहली बड़ी बारिश के इंतजार मे हैं। यदि बारिश अपेक्षा से अधिक हुई और तान नदी उफान पर आई, तो यह निर्माण कार्यों की मजबूती और विभागीय तैयारियों की

## कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने नौशाद, दिनेश सचिव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब के सत्र 2026-28 के लिए संपन्न चुनाव के परिणाम घोषित किया गया। चुनाव में विभिन्न पदों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के बीच जीत का जश्न मनाया। संरक्षक पद में कमलेश यादव ने सर्वाधिक वोट हासिल कर जीत दर्ज की है। इसी तरह अध्यक्ष पद पर नौसाद खान ने जीत हासिल की है जबकि दिनेश राज दूसरी बाद अपना परचम लहराते हुए सचिव बने। उपाध्यक्ष पद में राजकुमार शाह ने जीत हासिल की है। इसी तरह उप सचिव पद के लिए हरीश तिवारी विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद हेतु दुर्गेश श्रीवास्तव ने बड़ी जीत दर्ज की है। वहीं कार्यकारिणी में नवाब हुसैन, राजेश मिश्रा और आकाश शर्मा निर्वाचित हुए हैं।

# पर्यावरण विभाग की टीम ने नाकेबंदी कर अवैध बैटरियों से भरी लॉरी की जब्त


कार्यवाही के दौरान जप्त हुई बैटरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण विभाग की टीम ने डीडीएम रोड पर नाकेबंदी कर करोड़ो रुपए की अवैध बैटरियों से भरी एक लॉरी को जप्त किया है। कबाड़ और स्क्रैप के अवैध काले कारोबार के खिलाफ इसे जिले में पर्यावरण विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जिसके बाद से कबाड़ कारोबारियों और सिंडिकेट चलाने वालों के होश उड़े हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक ज़ब्त की गई बैटरियों की कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। इन पुरानी और कबाड़ हो चुकी बैटरियों को बिना किसी वैध दस्तावेज़, परमिशन या सुरक्षा मानकों के खपाने की तैयारी थी।

आमतौर पर इस तरह के मामलों में स्थानीय पुलिस या खनिज विभाग कार्रवाई करता है लेकिन इस बार पर्यावरण विभाग ने खुद कमान संभाली। विशेषज्ञों के अनुसार इन बैटरियों में मौजूद लेड (सीसा) और खतरनाक एसिड पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए बेहद घातक होते हैं, जिन्हें बिना सरकारी गाइडलाइन के ट्रांसपोर्ट या रीसायकल करना जुर्म की श्रेणी में आता है। बताया जा रहा है कि विभाग को सटीक इनपुट मिला था कि डीडीएम रोड के रास्ते करोड़ों के अवैध स्क्रैप की एक बड़ी खेप पार होने वाली है। टीम ने बिना वक्त गंवाए जाल बिछाया और गाड़ी को धरदबोचा। पर्यावरण विभाग की स्क्रैप धरपकड़ में इस धमाकेदार एंट्री ने उन सफेदपोश कबाड़ माफियाओं की नींद उड़ा दी है, जो लंबे समय से जिले में अवैध डंपिंग और परिवहन का जाल फैलाए हुए थे।

जनमानस में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर व्यस्तम डीडीएम रोड से करोड़ों का यह अवैध माल किसकी शह पर गुज़र रहा था? यह लॉरी कहाँ से लोड हुई थी और इसका असली मालिक कौन है? विभाग अब गाड़ी के दस्तावेज़ों, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन और माल के सोर्स की बारीकी से जांच कर रहा है। माना जा रहा है कि इस मामले में न सिर्फ भारी-भरकम जुर्माना लगेगा बल्कि सिंडिकेट से जुड़े कुछ बड़े रसूखदारों पर सीधे एफआईआर दर्ज कर गैर-जमानती धाराओं के तहत जेल भी भेजा जा सकता है। इस कार्यवाही ने साफ कर दिया है कि अब कोरबा में अवैध कबाड़ का धंधा करने वालों के खैर नहीं है। अब देखना होगा कि जांच की आंच कबाड़ बाज़ार के किन-किन बड़े मगरमच्छों तक पहुंचती है।

### निकला किंग कोबरा, रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल

**कोरबा।** जिले के जंगल में लगातार किंग कोबरा की संख्या बढ़ती जा रही है। पसरखेत के जंगल से एक किंग कोबरा रिहायशी क्षेत्र में आ धमका था जिसे सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया है। पसरखेत रेंज के ग्राम छुईढोड़ा में किंग कोबरा के दिखाई देने की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया गया, ग्रामीणों के अनुसार यह दुर्लभ एवं विषैला सर्प अचानक से घर में घुस गया था, वहीं घर के भीतर बैठे लोग इतने बड़े सांप को देख सकते में आ गए थे। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं वन्यजीव रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। जितेंद्र सारथी एवं सिद्धांत जैन द्वारा सुरक्षा उपायों एवं प्रोटोकॉल के साथ 11 फीट के किंग कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निरीक्षण के पश्चात सर्प को उसके प्राकृतिक आवास के अनुरूप सुरक्षित वन क्षेत्र में पंचनामा तैयार करने के पश्चात सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।



जाँजगीर मार्केट


फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

लाइफ Style

# नोरा

## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।



# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

टीवी मसाला




# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ'रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।



## साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई में अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान में दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018)** : केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। IMDb पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019)** : पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 )** : 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

## खबर संक्षेप

### चांपा सीएमओ सोनवानी आरंग स्थानांतरित, वहां से चंद्रवंशी आयेंगी




**चांपा।** छ.ग. शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रविवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के 15 मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत स्थानीय नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम संजीवन सोनवानी को आरंग जिला रायपुर में समान पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि आरंग की मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती शीतल चंद्रवंशी को चांपा की मुख्य नगरपालिका अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सीएमओ सोनवानी 10 माह पूर्व ही 14 अगस्त 2025 को चंद्रपुर से यहां पदस्थ किये गये थे।

### बड़े मंगलवार पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना आज

**जांजगीर-चांपा।** बड़े मंगलवार के अवसर पर मंगलवार 16 जून को पुलिस कंट्रोल रुम रेस्ट हाउस के समीप श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में सायं काल 7 बजे हनुमान जी का सेनदुराभिषेक, शाम 7:30 बजे हनुमान जी की महाआरती तथा रात्रि 8 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा। इस दिन दोपहर 12 बजे से मीठा जल नींबू शरबत वितरण किया जाएगा। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में ज्येष्ठ महीने के मंगलवार का विशेष महत्व रहता है जिन्हें बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। पं. मिश्रा ने बताया कि मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को हनुमान जी की पहली बार भगवान श्री राम जी से मुलाकात हुआ था। इसलिए इस महीने के सभी मंगलवार को बड़ा मंगलवार के रूप में मनाया जाता है दूसरी मानता है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को हनुमान जी की भीमसेन से मुलाकात हुई थी इसी दिन भीमसेन को अपनी पूछ उठाकर भीमसेन का गर्व भंग किया था। साल 2026 में 19 वर्ष बाद एक दुर्लभ सहयोग बना रहा है, जहां ज्येष्ठ मास के मंगलवार चार नहीं बल्कि आठ पड़ेंगे। मलमास होने के कारण आठ बड़ामंगलवार ज्येष्ठ मास में होगा। श्रद्धालु सातवां बड़ा मंगलवार के अवसर पर 16 जुन को सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हनुमान मंत्र का पाठ जाप कर सकते हैं।



### प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी। परीक्षा के मॉडल उत्तर 20 मई को जारी कर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित थी। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण करने के उपरांत प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी संशोधित मॉडल उत्तर विभाग की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

## निधन

### कुंजराम कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम जर्वे (च) के प्रतिष्ठित नागरिक एवं शिक्षक कुंजराम कश्यप का सोमवार 15 जून को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शाम सोमवार को ही शाम 4:30 बजे ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे उमेश कश्यप, अंजनी कश्यप (शिक्षक) एवं हीरा देवी के पिता थे।



स्पर्धा में 30 टीमों ने लिया भाग, खेले गए 56 मैच

# 16वीं छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता पुरुष व महिला दोनों वर्गों में दुर्ग बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल एसोसिएशन जांजगीर-चांपा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित '16वीं छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता' का जांजगीर में समापन हुआ। इस रोमांचक राज्य स्तरीय स्पर्धा के फाइनल में दुर्ग जिले ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में जीत हासिल कर खिताबी वर्चस्व स्थापित किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों में दुर्ग की टीम ने दबदबा बनाए रखा। पुरुष वर्ग में दुर्ग ने मेजबान जांजगीर-चांपा टीम को 23-14 से पराजित किया, वहीं महिला वर्ग के कड़े संघर्ष में दुर्ग ने कोरबा को 24-19 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस स्पर्धा में कुल 30 टीमों (16 पुरुष और 14 महिला) ने भाग लिया, जिनके बीच कुल 56 मैच खेले गए।

समापन एव पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा मैदान में हम टीम और खेल भावना सीखते हैं जो पूरे जीवन काम आता है। जीत या हार अपनी जगह है लेकिन इनसे ऊपर है टीम भावना एवं आत्मविश्वास। विशिष्ट अतिथि जिला क्रीडा अधिकारी (स्कूल शिक्षा विभाग) सी.एस. महतो, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एस.एस. बघेल, जिला नेटबॉल संघ जांजगीर-चांपा के उपाध्यक्ष राजेश पांडे, कोषाध्यक्ष संस्कार द्विवेदी, जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा, जिला कराटे संघ के वरुण पांडे और एनएफआई ऑब्जर्वर मंचासीन रहे।सभी की उपस्थिति में विजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कृत किया गया। बताते चलें कि प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रथम दिवस जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, नपा उपाध्यक्ष मोहन यादव और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रदेश सचिव मनोज पांडे के आतिथ्य में हुआ। दोनों सत्रों का मंच संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने किया।बॉक्स ट्रेनिंग कैम्प के लिए 15-15 खिलाड़ियों का होगा चयन नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने विजेताओं को बधाई दी।एसोसिएशन के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि प्रदर्शन के आधार पर 15 पुरुष और 15 महिला खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया जाएगा। इसके उपरांत अंतिम ट्रायल के माध्यम से 12-12 खिलाड़ियों की फाइनल टीम चुनी जाएगी, जो आगामी अगस्त माह में होने वाली 44वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी।



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

### एस जी एम में शामिल हुए प्रतिनिधि

इस अवसर पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की स्पेशल जनरल मीटिंग (एसजीएम ) भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। राजेश प्रताप सिंह (उपाध्यक्ष, सरगुजा), योगेश साहू (कोषाध्यक्ष, बिलासपुर), सोनम शर्मा (जॉइंट सेक्रेटरी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, दुर्ग) शामिल रहे। विभिन्न जिलों के सचिव एवं अध्यक्षःएस. मोहनराव (दुर्ग), अनूप यादव (रायपुर), गोपाल साहू (धमतरी), रजत सिंह (सरगुजा), राहुल सिंह (सूरजपुर), खुशबू गुप्ता (जशपुर), खुशबू राठौर (कोरबा जिला अध्यक्ष), उत्तम साहू (बिलासपुर), अमित तिवारी (बलौदा बाजार-भाटापारा), जानकी शरन सिंह (राजनांदगांव), अनिल (गरियाबंद), चंद्र प्रकाश तिवारी (सक्ती), अभिषेक गुप्ता (रायगढ़), सुनील सिंह (कांकेर), और स्वप्निल चुनेकर (मुंगेली) की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, एनएफआई एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रशांत जेकब और सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी इमरान खान ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# मुस्लिम समाज का बड़ा फैसला, शादी-समारोह में डीजे, नाच-गाना और धुमाल पार्टी पर पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

▪ जामा मस्जिद में हुई समाज के लोगों की बैठक, एकमत होकर लिया निर्णय

जिले में मुस्लिम समाज ने एक महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय लिया है। शनिवार 13 जून को 'छग मुस्लिम समाज विकास कल्याण समिति की विशेष बैठक जामा मस्जिद में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के सुधार और उसे संगठित करने के उद्देश्य से कई कड़े फैसले सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया कि अब से किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजनों और विवाह कार्यक्रमों में नाच-गाना, डीजे और 'धमाल पार्टी' पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। समाज का मानना है कि इन परंपराओं से हटकर सादगी अपनाना वक्त की मांग है। साथ ही, सभी जातियों और समाजों के साथ भाईचारा बढ़ाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रमों को संपन्न करने का संकल्प लिया गया। समाज को एकजुट करने और व्याप्त अन्य सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए अगली विशेष बैठक जुलाई माह में नवागढ़ में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस पहल को जांजगीर-चांपा क्षेत्र में समाज सुधार की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मुस्लिम समाज कल्याण विकास समिति मो इब्राहिम मेमन, कार्यकारी अध्यक्ष रफीक सिद्दीकी प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद खान ( पप्पू ), प्रदेश सचिव मोहम्मद शब्बीर कुरैशी, सचिव हाजी शेख गुलजार, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शाहबाज खान, चांपा से प्रमुख मोहम्मद फैज,अब्दुल अजीज (अज्जू), खैरताल से प्रमुख, मो मजिद खान, कोटमीसोनार प्रमुख डॉ. अलीम खान, पामगढ़ प्रमुख आरिफ खान, मोहसीन खान, मुन्ना भाई , जांजगीर से मेहराब खान,रोशन लाला, अतहर खान (बाबा), अब्दुल सुभान, अख्तर भाई, नैला से मोहम्मद जाहिद मौजूद थे।

**निकाह के दौरान विशेष निर्देश-** समिति ने मस्जिदों की वर्किंग कमिटी के अध्यक्षों से अपील की है कि वे मुस्लिम धर्मावलंबियों (इमामों) को निर्देशित करें कि निकाह के दौरान किसी भी प्रकार की फिजूलखर्ची या गैर-इस्लामी परंपराओं को बढ़ावा न दिया जाए।

**शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र मे आर्थिक सहयोग-**शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र और सभी व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सहयोग और मजबूती प्रदान करने हेतु बात रखी गई।

# निर्णय क्षमता में विकास के लिए विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से मजबूत होना जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

▪ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में पैरेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में सोमवार 15 जून को नवीन शैक्षणिक सत्र के पूर्व विद्यालय में हुए नवीनीकरण, कई सकारात्मक परिवर्तन के क्रियान्वयन के लिए अभिभावकों की सहमति एवं उनके संबंध में जानकारी हेतु प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा के द्वारा अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधन के कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती चंचल अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में संचालित अनेक नए-नए विषय, तकनीकी प्रयोग, प्रदत्त सुविधाओं तथा अन्य बड़ी-बड़ी संस्थाओं से अनुबंध - जैसे आई आई टी मद्रास और उसके फायदे से लेकर विद्यार्थी एवं पालकों के बहुपयोगी पहलुओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। यह अभिमुखीकरण कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित था, प्रथम कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पांचवी तक के पालकों के लिए तथा द्वितीय सत्र कक्षा छठवीं से कक्षा बारहवीं तक के पालकों के लिए आयोजित था। प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा ने कहा कि सर्वप्रथम विद्यार्थी शारीरिक, मानसिक, एवं भावनात्मक रूप से मजबूत बने ताकि उनमें निर्णय क्षमता का विकास हो सके, साथ ही आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहे, जिससे सदैव हर परिस्थिति में संतुलित व्यवहार कर सके, तभी वह विद्यालयीन शिक्षा, ज्ञान - विज्ञान को अंगीकार कर सकेगा। जो उसके समझ और सोच को विकसित करने में सहयोगी बनेगा, ताकि वर्तमान समय के प्रतियोगी परीक्षाओं में भली भांति पूर्वक सफल होने हेतु तैयार हो सकेंगे। विद्यालय का कई बड़ी-बड़ी संस्थाओं से अनुबंध हुआ है, जैसे आई आई टी मद्रास जो छात्र - छात्राओं को वैश्विक धरातल के अनुरूप अपनी प्रतिभा को निखारने में और संवारने में सहयोगी बनेगा। रिपोर्ट कार्ड में अंकित डीजिट एक मात्र नंबर है, इसके आधार पर ही बच्चों का मूल्यांकन नहीं कर देना चाहिए, अपितु विषय को वह कितना जानता और समझता है वह महत्वपूर्ण है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सभी बच्चों का ज्ञानात्मक स्तर, मानसिक स्तर, शारीरिक गठन और भावनात्मक स्वरूप एक सा हो। अतः हम अपने विचार और इच्छाएं उनके ऊपर न थोपें बल्कि बच्चों की रुचि और क्षमता को पहचान कर तथा वह क्या करना चाहता है, साथ ही वह क्या कर सकता है, इसका निर्धारण बहुत जरूरी है। तभी परिणाम आशा के अनुरूप मिल सकेगा, अतः हम बच्चों के सहयोगी बने निर्धारक नहीं। हमें सदैव सावधान रहना होगा कि बच्चे की संगति और रुझान किधर है। उसकी ऊर्जा का समुचित उपयोग और सही दिशा में होना अनिवार्य है। नि संदेह इन बातों का ध्यान रखने से बच्चे की प्रगति और उन्नति को कोई नहीं रोक सकता। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हमारी जिम्मेदारी है। इसके प्रति सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के पूर्व छात्र-छात्राओं और पालकों के हित में अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

# पोंड़ीभांठा में बनने वाले सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**अकलतरा।** नगर के पोंड़ीभांठा में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत के सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से मोहल्लेवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है।विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह सामुदायिक भवन स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा तथा विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा।इस अवसर पर भविष्य चंद्राकर, संतोष सिंह बैस, वार्ड पार्षद छतराम साहू, राजू राठी, राज सिंह, महेश्वर टंडन, अंकित सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया।






दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों तथा पैदल चलने वालों के लिए बना हुआ है खतरा

# सीसी रोड के दोनों ओर शोल्डर नहीं बनने से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

देवरी मुख्य सड़क से देवरी-सारागांव रेलवे स्टेशन तक रेलवे विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बावजूद अब तक सड़क के दोनों ओर शोल्डर (साइड पटरी) में मिट्टी नहीं डाली गई है। इसके कारण सड़क के दोनों किनारों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में रेल यात्री आवागमन करते हैं। इसके अलावा आसपास के मोहल्लों के निवासी भी इसी सड़क का उपयोग करते हैं। सड़क के किनारों पर मिट्टी नहीं भरने से दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों तथा पैदल चलने वालों के लिए खतरा बना हुआ है। स्कूल खुलने का समय भी निकट है, जिसके चलते बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे इसी मार्ग से होकर विद्यालय जाएंगे। ऐसे में सड़क के दोनों ओर बने गड्ढों के कारण दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने रेलवे विभाग एवं संबंधित ठेकेदार से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर शीघ्र मिट्टी डालकर शोल्डर का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।


सीसी रोड के दोनों ओर नहीं बना शोल्डर।